प्रश्न पत्र लीक मामले को लेकर भाजयुमो का राजभवन के पास एकदिवसीय धरना, CBI जाँच की उठी माँग।

झारखंड के युवाओं के भविष्य का हुआ घोटाला, पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन है घोटाले में शामिल: बाबूलाल मरांडी

सीबीआई जाँच कराने के लिए संघर्ष करें भाजयुमो के कार्यकर्ता।

भाजयुमो के द्वारा जेएसएससी प्रश्न लीक मामले को लेकर राजभवन के समीप एकदिवसीय धरना कार्यक्रम किया गया।

धरना में शामिल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मराण्डी ने कहा कि राज्य सरकार के विरोध में भाजयुमो के कार्यकर्ता एकत्र होकर राजभवन के पास धरना में शामिल हुए है, यह भ्रष्टाचार सिर्फ नवजवानों के साथ ही नही पूरे प्रदेश के साथ भ्रष्टाचार है।

कहा कि जेएसएससी की परीक्षा की तिथि घोषणा से 2-3 दिन पहले से ही लोग मेरे कि इसमें सीट बेचा जा रहा है। 35 लाख से लेकर 50 लाख तक मे सीट बेचा जा रहा है।

कहा कि अभ्यर्थियों की बात सुनकर मन में बेचैनी होती थी कि क्या हो रहा है झारखंड राज्य में।

कहा कि यह सरकार सिर्फ बच्चो नवजवानों का भविष्य ही नही झारखंड का भी भविष्य बर्बाद करने में लगी है।

कहा कि राज्य सरकार के संरक्षण में JSSC के कुकर्म का सजा युवा ही नही पूरा प्रदेश भुगत रहा है।

कहा कि झारखंड के लोग माड़ भात खाकर अपने बच्चों की किसी तरह पढ़ाते है, बच्चे दिन रात मेहनत करते है ताकि किसी तरह से सफल हो जाये, वैसे होनहर बच्चो के साथ यह सरकार आघात कर रही है।

कहा कि अगर कोई पैसा लेकर युवा पदाधिकारी या कर्मचारी बनता है तो यह स्पष्ट है की करप्शन की बुनियाद पड़ेगी और उससे करप्शन ही फले फूलेगा।

कहा कि यह पहले भी ऐसी कई तरह की परीक्षाओ में गड़बड़ी सामने आई थी, लेकिन हेमन्त सरकार मानने को तैयार नही थी लेकिन छात्रो ने जब सड़क पर उतर कर विरोध किया और सारा सबूत दिखाया तो सरकार को स्वीकार करना पड़ा।

कहा कि जब छात्र अपने अधिकार को लेकर सड़क पर उतरते है तो उसके ऊपर लाठी चार्ज कर घायल किया जाता है। संगीन धाराओ के साथ केस कर डराने की कोशिश की जाती है।

कहा कि मैं शुरू से कह रहा था कि इतना बड़ा पेपर लीक का घोटाला बिना 'उपर' अर्थात मुख्यमंत्री कार्यालय की संलिप्तता के बगैर नहीं हो सकता है। आज यह बात साबित हो रही है।

कहा कि यह बातें मैं शुरू से कह रहा था लेकिन आज ईडी ने हेमंत सोरेन की रिमांड अवधि बढ़ाने के लिए 539 पन्नों की जो जानकारी कोर्ट में दी है, उसमें लिखा गया है कि हेमंत के करीबी मित्र आर्किटेक्ट विनोद सिंह के मोबाइल और घर से छात्रों की बड़ी संख्या में एडमिट कार्ड बरामद हुए हैं, जिन्हें पैसे लेकर बहाल किया जाना था।

कहा कि राज्य सरकार को बताना चाहिए कि विनोद सिंह कौन है? पूरा प्रदेश की जनता जानता हैं। देश-विदेश की सपरिवार यात्रा में ये हेमंत सोरेन के साथ साये की तरह चलता है। अब पता चला है कि हेमंत सोरेन ने दलाल बिनोद के साथ मिलकर ज़मीन तो लूटा ही साथ ही माड़ भात खाकर नौकरी की तैयारी करने वाले गरीब बेरोज़गार छात्रों को भी लूट लिया है।

कहा कि राज्य सरकार की इससे बेशर्मी क्या हो सकती है कि कोयला, लोहा, पत्थर, बालू, जमीन बेचने वाले हेमंत सोरेन सरकार ने गरीबों की नौकरी बेचने का भी काम कर दिया।

कहा कि मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन जी से मॉग करते हैं कि बिना विलम्ब JSSC घोटाले की की जॉच सीबीआई से कराने की अनुशंसा करें।

भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कहा
आज झारखंड का हर युवा छात्र इस भ्रष्ट सरकार से परेशान और तंग हो चुका है।कहा कि 5 लाख का वादा कर के सत्ता में आई सरकार ने झारखंड के युवाओं की चिंता नहीं की , बेरोजगारी भत्ता देने का झुठ्ठा वादा झारखंड के युवाओं से किया।

कहा कि आज हालत ये है एक परितियोगिता परीक्षा भी सफलता से ये लुटेरी सरकार नहीं करवा पा रही है , सिर्फ युवाओं को केश से डराने का प्रयास ये सरकार कर रही जिसमे ये लोग कभी भी सफल नहीं हो पाएंगे। इस सरकार को युवाओं को बरगलाने के बजाए जेएसएससी चेयरमैन के उपर नामजद एफआईआर करना होगा और पेपर लीक की सीबीआई से निष्पक्ष जांच करवानी होगी और जबतक ऐसा नहीं होगा तब तक युवा मोर्चा सड़कों पर उतरकर अदोलन करते रहेगी।

भाजयुमो राँची महानगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह ने भी सभा को संबोधित किया।

धरना कार्यकम में मुख्यरुप से प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अशोक बड़ाइक, महानगर अध्यक्ष वरूण साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह, पूर्व उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय , रूपेश सिंन्हा, भूपेंद्र सिंह, सूर्यप्रभात, नीरज सिंह, जितेंद्र सिंह पटेल, राजू सिंह, रोहित सिंह रॉनी, पवन पासवान, पूजा सिंह, सुरेश शर्मा, रंजीत नाथ सहदेव, कुंदन कुमार, सचिन साहू, धर्मवीर सिंह, साहित्य पवन, सुभम जैसवाल,अमित अग्रवाल, राजेश साहू, रविंद्र सिंन्हा, विनोद कुमार, विवेकानंद जैसवाल, अमन यादव, तुषार आरव, उज्जवल मिश्रा, राजू पांडे, बसंत पांडे, सनी सिंह, समुंद्र मिर्धा, मदन साहू, सूरज भान सिंह, राहुल गुप्ता, आयुष सिंह,सिद्धांत राम, तन्मय झा सहित सैकड़ों की संख्या में युवा छात्र शामिल हुए।